## स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में गांव गांव शराब की अवैध बिक्री, जिम्मेदारों को मतलब नहीं

# पैकारियों को कौन दे रहा संरक्षण, क्यों नहीं हो रही कार्यवाही, सड़कों पर हो रहे प्रदर्शन

## नशाखोरी में बढ़ रही आपराधिक वारदातें, अराजक हो रहा माहौल, लोगों में आक्रोश

शराब की अवैध बिक्री से ठेकेदार एवं माफिया मालामाल हो रहे है, गांव गांव लठैतों के दम पर पैकारियां चलाई जा रही हैं लेकिन न तो पुलिस को कार्यवाही से मतलब है न आबकारी को कोई सरोकार। नतीजन नशाखोरी से अपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। कार्यवाही नहीं होने से लोगों में आक्रोश है और सड़क पर प्रदर्शन को मजबूर है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

गांव गाँव मे लगातार हो रही अवैध शराब विक्रय को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन पर उतर आया है। शुक्रवार को स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भरदा बड़खेड़ा मै देर शाम सैकड़ो महिलाये व पुरुष अवैध शराब को बंद कराने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया ओर चक्का जाम कर दिया। लगभग 1 घंटे तक चक्काजाम रहा जिससे आवागमन बाधित रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि गाँव मै लगभग दो वर्षो से लगातार अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है।कौड़िया शराब दुकान संचालक अपने गुर्गो के माध्यम से रोजाना गाँव मे अवैध शराब पंहुचाई जा रही है। गाँव मे फुटकर विक्रय करने वालो को मोटा कमीशन देकर खुलेआम शराब का विक्रय कराया जाता है।ग्राम भरदा बडखेड़ा मे दो अवैध शराब विक्रय करने के ठिकाने बनाये गए है जहाँ अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। गाँव के मुख्य चौराहे पर शराब बिक्री होने से रोजाना विवाद होते है।

शराब का सेवन करने वाले शौकीन लोग रोजाना बड़ी संख्या मे आसपास गाँव से पहुंचते है, जो देर रात तक गाली गलौच किये जाने की आवाजे सुनाई देती है जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश ब्याप्त है। युवा पीढ़ी नशे के सेवन करने जीवन को बर्बाद कर रही है। अवैध शराब विक्रय तत्काल बंद कराने ओर अवैध रूप से शराब एवं विक्रय कर्ताओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की माँग की है। यदि भरदा बड़खेड़ा ग्राम से अवैध शराब बिक्री को बंद नहीं किया जाता तो ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपेंगे लगभग 1 घंटे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।



## कलेक्टर एवं एसपी ने बाकल पहुंच कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बीते गुरूवार की रात बहोरीबंद के बाकल पहुंचकर यहां चल रहे घटनाक्रम के मद्देनजर कानून व्यवस्था की स्थितियों का जायजा लिया और पुलिस बल की हौसला-अफजाई की।

कलेक्टर श्री तिवारी और एसपी ने बाकल थाना क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया और आमजनता से चर्चा कर लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। यहां वर्तमान मे पूर्णतः शांति व्यवस्था बनी हुई है। अधिकारियों ने पुलिस बल को चौकस और सतर्क रहकर जनता के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को लगातार गश्त एवं निगरानी करने की हिदायत दी गई।

जिला एवं पुलिस प्रशासन ने आमजन से आग्रह किया है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों में ना आयें, धैर्य और शांति बनाये रखें। इस दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया और एसडीओपी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप



### युवक के साथ मारपीट एवं पैसे छीनने का आरोप

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के बसाड़ी गांव में एक युवक के साथ दबंगों ने मारपीट की। युवक का आरोप है कि बड़वारा पुलिस ने घंटों तक उसकी शिकायत दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित सुंदरलाल ने एसपी कार्यालय में दी अपनी शिकायत में बताया कि यह घटना 21 अक्टूबर 2025 की रात लगभग 9 बजे हुई। वह अपने काम से घर लौट रहा था, तभी गांव में अर्जुन पटेल की किराना दुकान के पास आदर्श श्रीवास, राज पटेल और अर्जुन पटेल ने उसे रोक लिया। शिकायत के मुताबिक आरोपियों ने सुंदरलाल को देखते ही जातिसूचक गालियां दीं और धमकी दी कि जान से खत्म कर देना है। इसके बाद उन्होंने सुंदरलाल के साथ मारपीट की और उसके घर तक पीछा किया। आरोप है कि आरोपितों ने उसकी जेब से 15 हजार रुपए भी छीन लिए। जब सुंदरलाल ने शोर मचाया तो उसके घर की महिलाएं और भाई बाहर आ गए। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की की अश्लील गालियां दीं। जाते-जाते उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी।

### गुण्डागर्दी करने वालों को किया गिरफ्तार

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा अपराधों पर नियंत्रण करने एवं असामाजिकता फैलाने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में थाना प्रभारी रीठी के नेतृत्व में गुंडा बदमाश एवं उसके साथी को गिरफ्तार किया गया। प्रार्थी बैजू रैकवार पिता चिट्टू रैकवार निवासी ग्राम खाम्ह की रिपोर्ट पर थाना रीठी में अप०क0 408/25 धारा 296,119 (1), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान गुंडागर्दी करने वाले गुंडा बदमाश शिवकुमार पिता कल्लू पटेल निवासी खाम्ह एवं उसके साथी शिवदास पटेल को 23.10.25 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी रीठी निरी. मोहम्मद शाहिद, उनि विनोद पटेल, प्र.आर. राम पाठक, आर. नीतेश दुबे, आर. विजय, आर. घनश्याम का योगदान रहा।

### लापता किशोरी को मैहर से किया दस्तयाब

**कटनी।** घर से बिना बताए लापता हुई नाबालिग लड़की को ऑपरेशन मुस्कान के तहत विजयराघवगढ़ पुलिस ने दस्तयाब करके परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी अनुसार विजयराघवगढ़ क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय नाबालिग 15 अक्टूबर को घर में बिना किसी को बताए कहीं चली गई थी। परिजनों संभावित स्थानों में उसकी तलाश की गई लेकिन नाबालिग का कहीं पता नहीं चला, जिसके बाद रिपोर्ट थाने में की गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा द्वारा उपनिरीक्षक अश्वनी यादव, आरक्षक चालक मज्जू कोल एवं एनआरएस रघुनाथ साहू को नाबालिग की पातासाजी में लगाया गया। लड़की के मैहर में होने की जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस ने लड़की को सुरक्षित दस्तयाब कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### अब किसान 31 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीयन

**कटनी।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिये हो रहे पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में अंतिम तिथि 24 अक्टूबर थी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों से असुविधा से बचने, अंतिम तिथि के पहले ही अपना पंजीयन अवश्य करवाने की अपील की है। जिले में करीब 2 हजार 836 हेक्टेयर से अधिक भू-क्षेत्र में कोदो -कुटकी की खेती की जाती है। जिले का विजयराघवगढ़ क्षेत्र कोदो- कुटकी के उत्पादन में अग्रणी है।

*ईवीएम मशीन के वेयर हाउस निरीक्षण की लगाई है प्रोफाइल फोटो*

## कलेक्टर की फोटो लगी फर्जी फेसबुक अकाउंट से गुमराह करने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर कॉमन प्रोस्पेरिटी मेंटर (common prosperity mentor) के नाम से एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल सक्रिय है। इस पर कलेक्टर आशीष तिवारी की जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम मशीन के वेयर हाउस के निरीक्षण की प्रोफाइल फोटो लगाई गई है। जो अवैध और गैर-कानूनी है। कटनी कलेक्टर के इस फर्जी अकाउंट के माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

इस संबंध में जिला जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सायबर प्रकोष्ठ और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया को वायरल फर्जी फेसबुक प्रोफाइल का यूआरएल प्रदान करते हुए अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करने का आग्रह किया और इस फर्जी फेसबुक अकाउंट को तत्काल बंद करवाने संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने कहा है।




कलेक्टर कटनी की इस फर्जी फेसबुक अकाउंट से जनता को सतर्क और सावधान रहने की अपील की गई है। इस फर्जी आईडी में कलेक्टर के फोटो का दुरुपयोग करते हुए अज्ञात व्यक्ति ने यह फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है। फर्जी फेसबुक आईडी का यूआरएल https://www.facebook.com/share/1D1ugkJwEw/ है। यह आईडी पूरी तरह से फर्जी है और इसके माध्यम से ठगी की भी कोशिश की जा सकती है। कटनी कलेक्टर के आधिकारिक फेसबुक पेज का यूआरएल https://www.facebook.com/share/1BdAuKoYHe/ है।

आम जनता को धोखाधड़ी से बचाने के लिए लोगों से अपील की गई है कि इस फर्जी अकाउंट से भेजी गई फ्रेंड रिक्वेस्ट को कदापि स्वीकार न करें और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में शामिल न हों।

### फर्जी आईडी बनाना एक गंभीर अपराध

फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाना एक गंभीर अपराध है और इसका दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान है। आईटी एक्ट 2000 की धारा 66(C) के तहत इस अपराध में दोषी पाए जाने पर आरोपी को जेल की सजा हो सकती है।

## बालिकाओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक



महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना विजयराघवगढ़ अंतर्गत सेक्टर कैमोर शहरी के आंगनबाड़ी केंद्र गुड़गुडोंगा में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रोग्राम का आयोजन किए गया,जिसमें उन्हें उनके स्वास्थ्य ,जैसे एनीमिया और कैंसर की जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। जानकारी देते हुए पर्यवेक्षक संध्या शुक्ला ने बताया कि खून की कमी से एनीमिया की समस्या होती है जो गर्भवती महिलाओं के लिए घातक होती है।उन्होंने एनीमिया से बचाव और उसकी रोकथाम की भी जानकारी प्रदान की,उपस्थित बच्चियों को भी इस संबंध में जानकारी प्रदान की गई, साथ ही कैंसर से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई जैसे शरीर में किसी भी हिस्से में गांठ बन जाने पर उसका टेस्ट जरूर कराए। इसकी पूर्व रोकथाम ही इसका बचाव है।साथ ही उपस्थित बच्चियों और महिलाओं के द्वारा किए गए सवालों का भी संतुष्टि पूर्वक जवाब दिया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक संध्या शुक्ला,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनिता पांडे,पुष्पलता गौतम,सहायिका द्रोपदी यादव मौजूद रहीं।

## घायल बेसुध महिला को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद-बाकल रोड में पेट्रोल पंप के पास मोटर साइकल से दुर्घटनाग्रस्त होकर अचेत हुई महिला को पुलिस के वज्रवाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद उपचार हेतु ले जाने में कटनी पुलिस का मानवीय चेहरा देखने को मिला। पुलिस ने मानवीय जिम्मेदारी इतनी शिद्दत से निभाई कि देखने वाले भावुक हो गये। जहां बाकल में ड्यूटी कर कटनी वापस आ रहे पुलिकर्मी राहवीर बनें और घायल महिला को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के इस कार्य की ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है।



दरअसल पर पति चन्द्रभान कोरी मोटर साइकल से अपनी पत्नी मायाबाई कोरी और दो छोटे बच्चों को बैठाकर अपनी ससुराल रैपुरा बघवार से जबलपुर के बिलगवां जा रहे थे। तभी बाकल क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास मोटर साइकल के फिसलने से दुर्घटना हो गई। जिससे महिला मायाबाई के सिर पर गंभीर चोट आई और वो बेहोश हो गई। पति ने राहगीरों से भी मदद का आग्रह किया लेकिन सहायता नहीं मिल पाई। ऐसे में फरिश्ता बनकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायल महिला को तत्काल वज्रवाहन में बैठाकर बहोरीबंद अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला का उपचार जारी है।

महिला के अस्पताल तक पहुंचाने में पुलिसकर्मियों में ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में पदस्थ एएसआई विजेन्द्र तिवारी सहित अशोक, आसुतोश, दीपक, सचिन, नीरज, अरुण, एवं आशीष शामिल रहे। ये सभी बाकल में ड्यूटी समाप्त होने के बाद वज्रवाहन से वापस कटनी आ रहे थे।

*स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के खिरहनी गांव के ग्रामीणों में आक्रोश*

## थाना पहुंचे ग्रामीण, पुलिस से कहा शराब की अवैध बिक्री बंद नहीं हुई तो करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

गाँव मे लगातार हो रही अवैध शराब विक्रय से ग्रामीणों का गुस्सा एक बार फिर फूट पड़ा है। शुक्रवार को स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरहनी के सैकड़ो महिलाये व पुरुष सरपंच के साथ स्लीमनाबाद थाने पहुंचें ओर अवैध शराब बंद कराने को लेकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौपा।



सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि खिरहनी गाँव मै लगभग दो वर्षो से लगातार अवैध शराब का विक्रय गाँव के ही लोगों द्वारा किया जा रहा है। कौड़िया ठेकेदार द्वारा अपने गुर्गो के माध्यम से रोजाना गाँव मे अवैध शराब पंहुचाई जा रही है। गाँव मे फुटकर विक्रय करने वालो को मोटा कमीशन देकर खुलेआम शराब का विक्रय कराया जाता है।ग्राम खिरहनी मे दो अवैध शराब विक्रय करने के ठिकाने बनाये गए है!जहाँ अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। गाँव के मुख्य चौराहे पर शराब बिक्री होने से रोजाना विवाद होते है। शराब का सेवन करने वाले शौकीन लोग रोजाना बड़ी संख्या मे आसपास गाँव से पहुंचते है, जो देर रात तक गाली गलौच किये जाने की आवाजे सुनाई देती है जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश ब्याप्त है। साथ ही युवा पीढ़ी नशे के सेवन से जीवन बर्बाद कर रही है। पैकारी चलाने वालें लोगों द्वारा दबँगता व गुंडागर्दी भी दिखाई जाती है।

ग्राम खिरहनी मे पैकारी बंद कराने के साथ पैकारी चलाने वालों के द्वारा जो सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया उसे तत्काल हटाने नायब तहसीलदार हर्षवर्धन रोमटेक को ज्ञापन सौपा

### कार्यवाही करने की मांग

सौपे गये ज्ञापन से सरपंच श्याम सोनी व ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन से अवैध शराब विक्रय तत्काल बंद कराने ओर अवैध रूप से शराब एवं विक्रय कर्ताओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की माँग की है।सरपंच ने अल्टीमेटम भी दिया कि यदि खिरहनी ग्राम से अवैध शराब बिक्री को बंद नहीं किया जाता तो ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।इस दौरान बड़ी संख्या मे महिलाएं व पुरषों मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने की समाधान ऑनलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा

## शिकायत लंबित रहने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत लंबित शिकायतों को सुना और आवेदकों से स्वयं चर्चा की और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये।

इस कार्यक्रम में सभी जिलों के कलेक्टर,एसपी एवं अन्य अधिकारी वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुपपूर, रीवा, डिंडोरी, मंदसौर, धार, मैहर, जबलपुर, अशोकनगर एवं शिवपुरी के आवेदकों की लंबित शिकायतों के संबंध में आवेदकों से चर्चा की और उनके निराकरण की जानकारी ली। इसमें आहार अनुदान नही मिलने, निःशक्त, छात्र को लैपटॉप नही मिलने, छात्रवृत्ति नही मिलने, कुटीर उद्योग की अनुदान राशि नही मिलने, प्रसूति सहायता नही मिलने, भू-अर्जन की राशि नही मिलने जैसी शिकायतें थी। इस दौरान उन्होंने अनावश्यक रूप से शिकायत के लंबित रहने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का एक माह के भीतर निराकरण कराएँ। भावांतर योजना, समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी उपार्जन एवं किसानों को खाद-बीज वितरण पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ायी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 15 नवम्बर को बिरसा मुण्डा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा 1 नवम्बर को प्रदेश स्थापना दिवस पर रोजगार एवं व्यवसाय की थीम पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा काल अब समाप्त हो गया है। अतः सड़को के गड्ढे एवं सुधार व मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराए जाएं। नगरीय क्षेत्रों में भी सड़कों का सुधार कार्य नगरीय निकाय द्वारा कराया जाए।

कलेक्ट्रेट कार्यालय कटनी के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा वर्चुअली जुड़े रहे। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और नगरनिगम आयुक्त तपस्या परिहार एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी मुख्यमंत्री के समाधान आंन लाइन कार्यक्रम के दौरान वर्चुअली जुड़े रहे।

## सर्जरी के बाद खुलने लगा बालक का मुंह, हुआ सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एमजीएम अस्पताल के मैक्सिलोफेशियल हेड-नेक सर्जरी ओपीडी में एक 15 वर्षीय बालक बचपन से ही मुँह न खोल पाने की शिकायत लेकर आया। डॉ. मानसी गुप्ता द्वारा बुनियादी जाँच के बाद, उसे बाइलेटरल टीएमजे एंकिलोसिस होने का पता चला। यह रोग बचपन में चेहरे पर चोट लगने, कान में संक्रमण होने या प्रसव के दौरान चोट लगने के कारण होता है। यह रोग निचले जबड़े के विकास को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है और रोगियों की पोषण संबंधी स्थिति को बाधित कर सकता है। महत्वपूर्ण तंत्रिका रक्त वाहिकाओं की संरचनाओं की निकटता के कारण इस विकृति के लिए शल्य चिकित्सा प्रक्रिया कठिन होती है।

### अतिरिक्त हड्डी हटाई गई

डॉ. पुनीत दीक्षित और डॉ. मानसी गुप्ता सहित शल्य चिकित्सा दल द्वारा रोगी और उसके परिजनों को रोग के बारे में सूचित किया गया और शल्य चिकित्सा प्रक्रिया की योजना बनाई गई। उनकी सहमति के बाद, रोगी की सफल सर्जरी हुई, जिसमें खोपड़ी के आधार और निचले जबड़े के बीच से अतिरिक्त हड्डी हटा दी गई और उसका मुँह 35 मिमी से अधिक खुल गया।रोगी की पोषण संबंधी स्थिति में सुधार हुआ और अब वह जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अधिक आत्मविश्वासी है।

## खबर संक्षेप

### 5000 के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**कटनी।** चोरी के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रूपए के ईनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में बरही पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी नीलेश यादव को ग्राम पथरहटा से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपी नीलेश यादव के खिलाफ पूर्व में भी थाना बरही में कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। इनमें अपराध क्रमांक 213/21 धारा 294,506 ता हि एवं अपराध क्रमांक 775/21 376,307,294, 323,506, ता हि 3/4 पास्को एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। कार्रवाई में निरी. शैलेन्द्र सिंह यादव, उनि शैलेंद्र सिंग सेंगर, स उ नि दिनेश प्रसाद गौतम, प्र.आर. 334 अतुल तिवारी, आर विवेक यादव की मुख्य भूमिका रही।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुनहरा ग्राम में गत सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत की बाउंड्री पर अवैध रूप से दौड़ाए गए बिजली के करंट की चपेट में आने से 40 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सन्नाटा और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। मृतक की पहचान फूल सिंह राठौर 40 वर्ष पिता रामनरेश राठौर, निवासी ग्राम सुनहरा थाना बड़वारा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, फूल सिंह सुबह खेत में काम करने गए थे और धान कटवाने के लिए एक हार्वेस्टर संचालक से बात करने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में खेत की बाउंड्री पर छोड़ी गई अवैध करंट लाइन की चपेट में आ गए। करंट का झटका इतना तेज था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और मर्ग कायम किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों ने दोषी किसान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### छठ पर्व को लेकर नदी, घाटों में विशेष सफाई

**कटनी।** पूर्वांचल समाज द्वारा नगर में 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले छठ पूजन पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर निगम प्रशासन की तैयारियां अब अंतिम चरणों में है। श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस अंबेडकर वार्ड स्थित बाबा घाट एवं मंगल नगर स्थित छपरवाह नदी सहित घाट के आसपास के अपशिष्ट की विशेष दलेल के माध्यम से सफाई कराई गई। छठ पूजन के दौरान नगर के विभिन्न घाटों कटाए घाट, बाबा घाट, मंगल नगर- छपरवाह घाट, बजरंग कॉलोनी घाट - एनकेजे में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर घाटों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर घाट, सीढ़ियों एवं आसपास के स्थलों की जेसीबी वाहन एवं श्रमिकों के माध्यम से सफाई की जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा उनके विभग के माध्यम से की जानें वाली आवश्यक तैयारियां साफ-सफाई, चूने की लाइन, कीटनाशक दवा का छिड़काव, आवारा मवेशियों के नियंत्रण, घाटों एवं पहुंच मार्गो की मरम्मत एवं सुधार कार्य, अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था सहित पेयजल व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है।

### श्रमिकों को बोनस भुगतान जरूरी

**कटनी।** श्रम विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त कारखानों और वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे संस्थान जहां बीस या इससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और जिनका मासिक वेतन 21 हजार रूपये से कम है, उन्हें बोनस भुगतान किया जाना जरूरी है। अधिनियम के अनुसार हर लेखा वर्ष में किए गए कार्य के बोनस का भुगतान आगामी लेखा वर्ष में 30 नवंबर तक किया जाना चाहिए। बोनस की राशि 7 हजार रूपये अथवा 8.33 प्रतिशत जो भी अधिक हो वह देय होगी।

मटवारा कांड के आरोपियों को अब तक पुलिस नहीं कर पाई गिरफ्तार

# 28 अक्टूबर को भीम आर्मी द्वारा किया जायेगा प्रदेशव्यापी जेल भरो आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मटवारा पेशाब कांड मे अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण मामला आगे बढ़ता ही जा रहा है। आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी न होने के चलते भीम आर्मी के द्वारा अब 28 अक्टूबर को प्रदेश व्यापी ओर जेल भरो आंदोलन किया जायेगा जिसमें आजाद समाज पार्टी प्रमुख व सांसद चंद्रशेखर आजाद शामिल होंगे।

भीम आर्मी जिला संयोजक चंद्रभान बौद्ध ने जानकारी देते हुये बताया किमटवारा में दलित युवक के साथ हुये पेशाब कांड को लेकर भीम आर्मी के द्वारा स्लीमनाबाद थाने का घेराव करते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर तीन दिवस का अल्टीमेटम दिया गया लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई जिस कारण भीम आर्मी भारत एकता मिशन द्वारा 28 अक्टूबर को प्रदेश व्यापी जेल भरो आंदोलन कटनी एसपी ऑफिस मे किया जाएगा जिसमें भीम आर्मी प्रमुख नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद भी शामिल होंगे। इसके अलावा भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष, सुनील बैरसिया,आजाद समाज पार्टी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील आस्ते, आजाद समाज पार्टी प्रदेश प्रभारी महेश प्रसाद चौधरी, संभाग प्रदेश प्रभारी प्रमोद एवं भीम आर्मी मध्य प्रदेश के समस्त जिला व संभाग अध्यक्ष ओर प्रदेश प्रभारी शामिल होंगे इसके अलावा ओबीसी महासभा, जयस कॉल ट्राइब फाउंडेशन बिरसा मुंडा आदिवासी महासभा,सभी रविदास सेवा समितियां,सभी आदिवासी संगठन सभी ओबीसी के संगठन सभी एससी के संगठन सभी एसटी के संगठन के लोग उपस्थित होंगे!जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर संगठन के लोग कटनी एसपी ऑफिस पहुंचकर गिरफ्तारी देंगे।



फाइल फोटो

#### घटना पर एक नजर

गौरतलब है कि स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मटवारा में 13 अक्टूबर की रात्रि दलित युवक राजकुमार चौधरी के साथ मानवीयता को शर्मसार करने देने वाला घटनाक्रम हुआ। पीड़ित ने एसपी को सौंपी शिकायत मैं अवैध मुरम खनन का विरोध करने पर सरपंच रामानुज पांडेय, सरपंच पुत्र पवन पांडेय, सतीश पांडेय ओर रामबिहारी हल्दकार के द्वारा मारपीट की गईं ओर सरपंच पुत्र पवन पांडेय के द्वारा मूत्र करने का आरोप लगाया गया। पीड़ित की शिकायत पर सुनवाई न होने पर भीम आर्मी एक्टिव हुई तब जाकर स्लीमनाबाद पुलिस ने मटवारा सरपंच रामानुज पांडेय,सरपंच पुत्र पवन पांडेय, भतीजे सतीश पांडेय ओर रामबिहारी हल्दकार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण )अधिनियम के तहत के तहत प्रकरण पंजीबद्द किया गया।

#### राजनैतिक सियासत गरमराई

मटवारा कांड में राजनैतिक सियासत गरमराई। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने मटवारा पेशाब कांड पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक्स ट्विट करते हुये घेरा तो आजाद समाज पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने वीडियो काल पर पीड़ति से बात की!इसके बाद कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह, ओबीसी महासभा प्रदेशाध्यक्ष राकेश लोधी, जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल व जिला पंचायत सदस्य अजय गौटिया भी पीड़ति के घर पहुंचकर पीड़ति युवक का हाल -चाल जाना। पीड़ित के द्वारा जान को खतरा बताया गया जिसपर एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने पीड़ित को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई लेकिन अभी तक सभी आरोपी फरार है ओर पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी का कहना है कि मटवारा कांड में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष चार टीमें गठित की गईं है जो लगातार दबिश दे रही ओर आरोपियों तक पहुंचने साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा।

## जुआ खेलते 9 गिरफ्तार, 11800 रूपए किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुठला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दलीपुर जंगल में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारकर 9 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 11,800 नगद राशि और ताश की गड्डियाँ बरामद की हैं।पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पकड़े गए जुआरियों में शरफ अली निवासी अहमद नगर, दिनेश गुप्ता निवासी चंडिका नगर, जितेन्द्र गुप्ता निवासी पन्ना मोड़, बहरुप सोनी निवासी पन्ना मोड़, अंकित गुप्ता निवासी चंडिका नगर, सलिल जैन निवासी बस स्टैंड, फरहान खान निवासी अहमद नगर,सत्यम गुप्ता निवासी पन्ना मोड़, तथारिजवान अनवर निवासी अहमद नगर शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच एवं कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई में उप निरीक्षक सौरभ सोनी, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पटेल, रामेश्वर सिंह, अजय यादव, राहुल सिंह, मनोज सिंह, प्रभाकर सिंह, विजय प्रजापति सहित अन्य पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दो आदतन आरोपितों को पुलिस किया गिरफ्तार

**कटनी।** कुठला पुलिस ने अड़ीबाजी के दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल कटनी भेज दिया गया। एसपी के निर्देश पर चल रही कार्रवाई के तहत थाना कुठला प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों को पकड़ा।गिरफ्तार आरोपियों के नाम सचिन निषाद पिता संतोष निषाद निवासी कन्हवारा और मनीष निषाद पिता मंजू निषाद निवासी इन्द्रानगर गली नंबर 1 हैं। दोनों पर थाना कुठला में अलग-अलग अड़ीबाजी के प्रकरण दर्ज थे। कार्रवाई में एसआई सौरभ सोनी, श्यामनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह एवं अन्य पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

रामभक्तों एवं माताओं एवं बहनों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

## श्रीराम सेवा समिति द्वारा किया गया दीपदान एवं गंगा आरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



श्रीराम सेवा समिति कटनी द्वारा लगातार 29 वे वर्ष भव्य दीपदान एवं गंगा आरती का कार्यक्रम हजारों की संख्या में उपस्थित रामभक्त जनों एवं माताओं बहनों की उपस्थिति में सफ़लता पूर्वक संपन्न कराया गया। प्रातः 10:30 बजे से कटायघाट हनुमान मंदिर वाले पंडित कमलेश तिवारी, पं.कृष्ण किशोर गौतम ,पं.शिवम गौतम, पं.शुभम गौतम के मार्गदर्शन में पूजा प्रारंभ कराके अखंड ज्योत वर्तिका परिवर्तन, चोला परिवर्तन एवं ध्वजारोहण किया गया।

तदोपरांत हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संपूर्ण हवन कार्यक्रम में समिति के संरक्षक डॉ एस के खम्परिया, अध्यक्ष सुकीर्ति जैन (पूर्व विधायक), उपाध्यक्ष रौनक खंडेलवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष अखिलेश पुरवार, कार्यक्रम सचिव अंशुल गिन्नी सोनी, वंश खम्परिया, प्रतीक बहरे सहित अन्य सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रामभक्तों एवं माताओं बहनों ने हवन किया। सायं के समय भव्य दीपदान एवं गंगा आरती का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जालपा मढिया के पंडा श्रीलाल पंडा के नेतृत्व में भगत समाज के भगत गायन के साथ रीतेश पंडा द्वारा गंगा आरती कराई गई। फिर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जनों द्वारा दीपदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, नवलेश मलिक, सचिव विक्रम खम्परिया,प्रसार प्रभारी मिट्ठुलाल जैन सलाहकार द्वय ललित लल्लू सोनी,राजेंद्र मुनीम अग्रवाल कार्यक्रम अध्यक्ष अखिलेश पुरवार,कार्यक्रम सचिव अंशुल गिन्नी सोनी, एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, पूर्व पार्षद श्रीमती सुभद्रा सोनी, आशीष गुप्ता बाबा,भाजयुमो अध्यक्ष मृदुल मिश्रा,बारडोली उत्सव समीति के अध्यक्ष राजय राजू रजक, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विंदेश्वरी पटेल, चाणक्य ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं.रमाकांत पप्पू दीक्षित, हितेंद्र स्वर्णकार आदि की उपस्थिति रही।

### निगमायुक्त की हिदायत के बाद सक्रिय हुआ सफाई अमला



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा निगम के स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान नगर के शत प्रतिशत प्वाइंटों से कचरा संग्रहण कर नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करानें के दिए गए सख्त निर्देश के बाद हरकत में आए एम एस डब्ल्यू प्रबंधक विवेक चैबे द्वारा गुरुवार को स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग प्रभारी सदस्य सुभाष साहू की विशेष मौजूदगी तथा स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी की उपस्थिति में जोन क्रमांक 1 के मुख्य एवं अन्य मार्गों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि एम एस डब्ल्यू प्रबंधन के माध्यम से नगर के चारों जोनों के वार्डों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य के अतिरिक्त इस तरह के संग्रहण कार्य से छूटे कचरे के प्वाइंटों की जानकारी वार्ड दरोगाओं के माध्यम से प्रदान की जाकर उक्त शेष प्वाइंटों की भी समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी, ताकि नगर को साफ एवं स्वच्छ रखा जा सके।

## साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक, सतर्क रहें, संदिग्ध लिंक पर करें क्लिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते सायबर अपराधों की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने की अपील की गई है। सायबर अपराधी विभिन्न प्रकार के फर्जी कॉल, लिंक, ई-मेल एवं सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से नागरिकों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है।

आमजन से अपील की गई है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें तथा किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्राप्त होने पर नागरिक तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में संपर्क करें।

#### जागरूक रहें,सतर्क रहें

अजनबियों या अज्ञात नंबरों द्वारा भेजे गए संदेशों से प्राप्त फाइलों को कभी भी स्वीकार या डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप के माध्यम से निजी जानकारी जैसे बैंक खाता विवरण पिन या पासवर्ड न भेजे, यह सुनिश्चित करें कि क्लाउड बैकअप बंद है, क्लाउड प्रदाता के साथ साझा करने पर वे सुरक्षित नहीं होते है। व्हाट्सएप वेब को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करें सभी कम्प्यूटरों से लॉगआउट करें। ओपन वाईफाई नेटवर्क से कनेक्ट होने पर व्हाट्सएप का उपयोग करने से बचें। टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन को ऑन रखें। कभी भी उस संदेश पर भरोसा न करें जो व्हाट्सएप से आने का दावा करता है और सेवा के लिए भुगतान की मांग करता है। इसके साथ ही ऑटोमेटिक डाउनलोड ऑप्शन बंद रखकर भी साइबर अपराधों से सुरक्षा की जा सकती है।

नागरिक अपने परिवारजनों, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों, बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता से ही नागरिकों को साइबर अपराधों की रोकथाम संभव है। प्रत्येक नागरिक साइबर अपराधों से सुरक्षित रहे एवं डिजिटल माध्यमों का उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक एवं सुरक्षित रूप से करे।

उत्कृष्ट विद्यालय में अल्प विराम कार्यशाला का हुआ आयोजन

## मन जब परमात्मा के भाव में में लीन हो जाता है तभी सच्चा सुख-आनंद मिलता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में विकासखंड स्तरीय एकदिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अतुलेश सिंह, म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल, आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले उपस्थित हुए।

बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि संपूर्ण प्रदेश में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं आनंद विभाग के संयुक्त संयोजन में शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के जीवन में आनंद की अनुभूति कराने एवं उनके व्यवहार में सकारात्मक सोच पैदा करने की दृष्टि से एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में यह आयोजन विकासखंड कटनी में भी किया गया है। वहीं आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले ने मंच में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों को आनंद विभाग की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

अतिथि उद्बोधन की श्रृंखला में सर्वप्रथम जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि त्याग, तप, साधना, असंचय, अपरिग्रह और निःस्वार्थ सेवा भाव से मन की शांति ही सुख है। प्रकृति के सानिध्य में जब मन परमात्मा के भावों में लीन हो जाता है तभी सच्चा सुख और आनंद प्राप्त होता है। इसलिए मन में आनंद की अनुभूति बढ़ाने के लिए हम सभी को अपने व्यवहार में इन भावों का सामंजस्य बनाना होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यशाला शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति बढ़ाने और व्यवहार में सकारात्मक भाव लाने की दृष्टि से आयोजित की गई है। अतः हम सभी अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में सकारात्मक सोच रखें। जिससे बिना किसी तनाव के अपने कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न कर सकें।

तीन स्थलों में 27 से 31 अक्टूबर तक आवास-मेला आयोजित

## 556 चयनित हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत करने की जाएगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत प्रेम नगर-खिरहनी के ई.डब्ल्यू.एस. आवास के हितग्राहियों से योजनांतर्गत अंशदान ऋण स्वीकृत करने के संबंध में 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले आवास मेले को लेकर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में विभिन्न बैकर्स के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुभान सिंह, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, सहायक लेखा अधिकारी श्रीकांत तिवारी, सिटी मिशन मैनेजर यश रजक, सहित स्टेट बैंक आफ मुड़वारा, डी.सी.बी बैंक, यूनियन बैंक, आई.सी.आई.सी.आई बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आई.डी.एफ.सी बैंक, एच.डी.एफ.सी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एक्सिस बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।



बैठक में उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा सभी बैकर्स प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक नगर निगम कार्यालय परिसर एवं टी.सी. बजान. स्कूल सहित जोन कार्यालय 04 में आवास मेले का आयोजन किया जा जा रहा है। आवास मेले के आयोजन के दौरान बैंक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के 554 चयनित हितग्राहियों को अंशदान की राशि 1.80 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही की जायेगी। उपयुक्त द्वारा बैकर्स की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से ही चयनित हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए बैंक प्रतिनिधियों से शासन मंशानुरूप अधिक से अधिक हितग्राहियों के ऋण स्वीकृत कराते हुए हितग्राहियों को योजना से लाभान्तिव करनें की बात उपायुक्त श्री गुप्ता नें कही। बैठक में थर्ड पार्टी एग्रीमेंट की सुविधा से अवगत कराते हुए हितग्राही द्वारा डिफाल्टर होने की स्थिति में पजेशन वापस लेने तथा बैंक का ऋण जमा करानें की जानकारी से भी अवगत कराया गया।

बैठक में सिटी मेनेजर यश रजक नें बैकर्स प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि यानी पीएम स्वनिधि योजना को अब 2030 तक बढ़ा दिया गया है तथा योजना के तहत मिलने वाले ऋण की राशि भी बढ़ाई गई है। पहले योजना में स्ट्रीट वेंडरों को 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार रुपए तक ऋण दिया जाता था। अब यह राशि 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपए तक उपलब्ध कराई जाएगी। आपने उपस्थित बैकर्स से पूर्व में प्रेषित 650 प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के साथ ही इस दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराने की बात कही गई।

निगम प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत ई.डब्ल्यू.एस. हितग्राहियों से आवास मेले में अनिवार्यतः उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराते हुए मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## शासकीय कार्यालयों में चल रहा 'स्पेशल कैम्पेन 5.0'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छता को संस्थागत रूप देने एवं शासकीय कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु भारत सरकार के समस्त विभागों में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे 'स्पेशल कैम्पेन 5.0' की तर्ज पर, प्रदेश शासन के सभी शासकीय कार्यालयों में भी यह अभियान चलाया जा रहा है।

जिले में इस अभियान के सफल संचालन, आयोजन और सम्पूर्ण कार्यवाही के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष तिवारी ने आदेश जारी कर लोक सेवा प्रबंधक श्री दिनेश कुमार विश्वकर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर समय-समय पर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

इस अभियान के अंतर्गत सी एम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण, कार्यालय परिसरों की सफाई व अनावश्यक वस्तुओं का निस्तारण, पुराने रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण एवं विनिष्टीकरण, लंबित विधानसभा प्रश्न, आश्वासन, शून्यकाल, लोक लेखा समिति प्रकरणों का निराकरण, कार्यालयों में बेतरतीब रखे गए फर्नीचर, रैंक और अलमारियों को मानक लेआउट के अनुसार व्यवस्थीकरण, मुख्यमंत्री मॉनिट, मुख्य सचिव मॉनिट एवं अन्य संदर्भों के निराकरण में तेजी, खराब, अनुपयोगी या पुराने फर्नीचर की सूची तैयार कर निस्तारण एवं मरम्मत, कचरा संग्रहण हेतु नियत डस्टबिन और कचरा पृथक्करण की व्यवस्था की जायेगी। इसी प्रकार ई-कचरे (पुराने कंप्यूटर, प्रिंटर, काट्रिज आदि) को निस्तारित करने का कार्य किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पन्ना नेचर कैम्प का आयोजन 2 नवम्बर से

**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व द्वारा इस वर्ष भी पन्ना नेचर कैम्प का आयोजन आगामी 2 नवम्बर से 22 फरवरी तक प्रत्येक रविवार को किया जाएगा। टाईगर रिजर्व पन्ना एवं विश्व प्राकृति निधि भारत के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण जागरूकता अभियान के क्रियान्वयन के उद्देश्य से पन्ना नेचर कैम्प 2025-26 आयोजित किया जा रहा है। इसमें पन्ना के विशिष्ट पर्यावरणविद प्रशिक्षक के रूप में भाग लेंगे। अच्छे नागरिक के साथ पर्यावरणविद बनने के इच्छुकजन पार्क कार्यालय से कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। नवम्बर माह में 9, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, दिसम्बर माह में 7, 14, 21 एवं 28 दिसम्बर, जनवरी माह में 4, 11, 18 एवं 25 जनवरी तथा फरवरी माह में 1, 8, 15 एवं 22 फरवरी को पन्ना नेचर कैम्प आयोजित होगा। विद्यार्थियों के लिए 200 रूपए एवं अन्य व्यक्तियों के लिए 400 रूपए सदस्यता शुल्क निर्धारित है। इस संबंध में अधिक जानकारी व पंजीयन के लिए कार्यालय क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व अथवा दूरभाष क्रमांक 07732-252135 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रत्येक कैम्प में प्रत्येक वर्ग के लिए मात्र 15 स्थान उपलब्ध हैं। प्रतिभागियों का पंजीयन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। 2 नवम्बर को वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के विजेता प्रतिभागियों का निःशुल्क कैम्प आयोजित किया जाएगा।

### शासन के आदेशों का नहीं हुआ शक्ति से पालन, जन चर्चा में बना विषय

**अमानगंज।** मध्य प्रदेश राज्य शासन कहीं भी कोई आदेश जारी करती है तो आदेश का शक्ति से प्रभाव होता है और उसके पालन में शक्ति से उसके अधिकारी और कर्मचारी पीछे लगकर शासन का आदेश प्रभावी कराते ऐसा शासन के डीएम और भारतीय संविधान की व्यवस्था के अंतर्गत बताया जाता है परंतु पन्ना जिला में यह व्यवस्था पूरी तरह से मजबूत अच्छी नहीं जा रही है पन्ना जिले की अमानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम महेवा की बात सामने आई है यहां फरियादी का कहना है कि शासन के आदेश क्रमांक 140 141 और 142 , 143 आ 68 2024 -25 दिनांक 19,9,2025 के अंतर्गत अतिक्रमण कारीयो को तत्काल हटाकर जमीन से मुक्त कर शासन के नियमों का पालन जनहित में किया जाए जो शासन की इच्छा है राजस्थानी ग्राम वासियों के साथ हरियाणवी ने उक्त पत्र स्थानीय तहसीलदार को पु ना अपनी ओर से जारी किया है।

### श्रमिकों की आयु गणना के लिए नवीन निर्देश

**पन्ना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत श्रमिक की आयु गणना के लिए श्रम विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किए गए हैं। अब आयु गणना के लिए आधार कार्ड के आधार पर शब्द विलोपित किया गया है। आयु के प्रमाण के लिए परीक्षा लेने वाले बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसी तरह जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र मान्य होगा। उपरोक्त प्रमाण पत्रों के न होने पर उस चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, जो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक की पद श्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो, का प्रमाण पत्र मान्य होगा। उक्त चारों दस्तावेजों अथवा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य आयु संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत गुण-दोष के आधार पर आयु संबंधी निर्णय लिया जाएगा।

खुशखबरी: गुजरात राजस्थान नहीं जाएंगे चीते मप्र में ही रहेंगे, सभी दावे खारिज, नौरादेही अभ्यारण्य को मिला मौका

# वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही अभ्यारण्य होगा चीतों का तीसरा घर, बढ़ेगी आबादी

### चीतों की बसाहट के लिए 4 करोड़ से बनेंगे क्वारेंटाइन बोमा एक साल में ही आने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





मप्र, खासतौर पर बुंदेलखंड के लिए खुशखबरी है। केन्द्र सरकार ने राजस्थान व गुजरात के दावों को खारिज करते हुए प्रदेश के नौरादेही (रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व) में चीतों का नया आशियाना यानी तीसरा घर बनाने को मंजूरी दे दी है। केन्द्र से मंजूरी मिलते ही एनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी) ने इससे जुड़ी तैयारियों के लिए सेंट्रल कैंपा फंड से 4 करोड़ रुपए जारी भी कर दिए है। यह पहली किस्त होगी, दूसरी किस्त के रूप में एनटीसीए 3 करोड़ रुपए और जारी करेगा। पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) शुभ रंजन सेन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि, अब 2339 वर्ग किमी क्षेत्र में प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व नौरादेही में चीते बसाए जाएंगे। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में पहली बार श्योपुर के कूनो अभयारण्य में 8 चीते लाए गए थे। इस समय देश में कुल 31 चीते हैं। इनमें से 29 कूनो में तथा 2 मंदसौर व नीमच जिले के बीच बसे इनके दूसरे घर गांधी सागर अभयारण्य में हैं।

#### चीतों के लिए क्यों मुफीद है दुर्गावती टाइगर रिजर्व, जानें

:-डॉ बसंत मिश्रा, वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट जबलपुर

**घास के खुले मैदान**

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही क्षेत्र में काफी पहले चीतों के प्राकृतिक वास के प्रमाण मिले हैं। यहां घास के खुले मैदान हैं नौरादेही से गांवों के विस्थापन के साथ मैदान और फैल रहे हैं। यहां चीते लंबी दौड़ के साथ शिकार कर सकते हैं।

**बड़ा क्षेत्रफल**

टाइगर रिजर्व का कोर एरिया 1414 वर्ग किमी है। बफर एरिया- 925.120 वर्ग किमी का है। 600 वर्ग किमी एरिया में चीतों को रखने के लिए मैदान चिन्हित भी किए जा रहे हैं। यह क्षेत्रफल के लिहाज से प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है।

**पर्याप्त आहार**

टाइगर रिजर्व में चीतों को शिकार के लिए चिंकारा, चीतल व काले हिरण की पर्याप्त संख्या है। यही वजह है कि यहां बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है।

**संघर्ष की आशंका कम**

चीतों की यहां बाघ-बाघिन से टकराव जैसी स्थिति बनने की आशंका नहीं है। बाघ बड़े जानवरों का शिकार करता है, जबकि चीता छोटे शाकाहारी वन्य जीवों से पेट भरता है

**कहीं नहीं ऐसा रिजर्व**

देश के किसी भी टाइगर रिजर्व में बाघ तेंदुआ व चीते एक ही जगह पर देखने नहीं मिलते हैं लेकिन वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ऐसा होना जा रहा है।

**बाघ तेंदुए और चीतों वाला रिजर्व**

डब्ल्यूआईआई भारत के चीतों प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी है। अगले वर्ष तक यहां चीते आने की उम्मीद है ऐसा होता है तो वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व देश का पहला ऐसा वाइल्ड लाइफ एरिया होगा जहां बिंग केट फैमिली के तीन सदस्य एक साथ होंगे। अभी रिजर्व बैंक टाइगर और तेंदुए की बसाहट है। चीतों के आने से इस परिवार की तीन प्रजातियां हो जाएगी।

#### चीतों का तीसरा घर होगा सिंगपुर, मोहली और झापन

सूत्रों के अनुसार नौरादेही के साथ राजस्थान तथा गुजरात के अभयारण्य-टाइगर रिजर्व ने भी चीतों का नया ठिकाना बनाने का दावा किया था लेकिन वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर (नौरादेही अभ्यारण्य )की सिंगपुर, मोहली और झापन फॉरेस्ट रेंज को चीतों के लिए सर्वाधिक अनुकूल पाया और माना गया। एनटीसीए की टीम जल्द इन तीनों रेंज का दौरा करेगी।

#### यह काम होना हैं

सेंट्रल कैंपा फंड से मिलने जा रहे 4 करोड़ रुपए से दमोह और सागर जिलों में फैले नौरादेही के जंगलों में 4 क्वारेंटाइन बोमा और 1 सॉफ्ट रिलीज बोमा तैयार किए जाएंगे। इसके लिए फेंसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम जल्द शुरू होगा। सूत्रों के मुताबिक, सिंगपुर रेंज को क्वारेंटाइन बोमा साइट के रूप में चुना जा सकता है

#### बनेगा चीता हब

2339 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में प्रदेश के तीन जिलों दमोह सागर और नरसिंहपुर के जंक्शन पर स्थित नौरादेही (रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व) प्रदेश का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य/टाइगर रिजर्व है। अभयारण्य का मुख्य हिस्सा सागर में तो कुछ हिस्सा दमोह जिले में आता है। नौरादेही अभयारण्य को टाइगर रिजर्व में बदलने जब विस्तार हुआ तो इसके दायरे में नरसिंहपुर जिला भी आ गया। 1975 में अस्तित्व में आया यह अभयारण्य 50 से 70 चीतों को आश्रय दे सकता है।

#### 2026 में लाए जाएंगे चीते

सब कुछ ठीक रहा तो 2026 में नौरादेही में चीतों की आमद हो जाएगी। पहली संभावना यह है कि 2026 की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका से अगली खेप लाई जाए और वहां से आने वाले चीतों को सीधे नौरादेही लाया जाएगा। दूसरा विकल्प यह रखा गया है कि अगर अफ्रीका से चीते नहीं आते, तो कूनो में जन्मे शावक, जो अगले साल तक एडल्ट हो जाएंगे, उन्हें नौरादेही शिफ्ट किया जाएगा।

## राकेश कुर्मी बने जिलाध्यक्ष

**दमोह।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह चंदेल एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा पुनम सिंह वैश्य एवं राष्ट्रीय संगठन प्रभारी भागवत द्विवेदी की सहमति से राष्ट्रीय पत्रकार संघ का राकेश कुर्मी पटेल को दमोह जिला अध्यक्ष



नियुक्त किया गया है। इनका कहना है कि हम संगठन कों और उंचाई तक बढ़ाने का काम करेंगे संगठन के प्रति जागरूक रहेंगे। संगठन के लोगों ने शुभकामनाएं दी। भागवत द्विवेदी राष्ट्रीय संगठन प्रभारी, ऋषिकेश त्रिपाठी अध्यक्ष मप्र, राकेश मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष मप्र, नरेंद्र पांडे मप्र महामंत्री, प्रमोद गुप्ता प्रदेश मिडिया प्रभारी, अटल दुबे मप्र प्रभारी, संपादक आशीष चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष मप्र, दीपक कुमार बरथे प्रदेश महासचिव मप्र, सुर्यप्रताप यादव मप्र सचिव, सभाग अध्यक्ष रीवा, रवि गुप्ता, पंकज शर्मा, संभाग अध्यक्ष उज्जैन संजय वर्मा संभाग अध्यक्ष इंदौर सहित सभी लोगों ने उज्वल भविष्य की कामना की।

## बच्चों ने स्कूल में रंगोली बनाकर मनाई दिवाली



**हटा।** दीपों का पर्व दीपावली इस बार विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला रसीलपुर के विद्यार्थियों के लिए कुछ खास रहा। शासकीय आदेशानुसार शेयरिंग दिवाली कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक शाला रसीलपुर के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को विद्यालय के शिक्षक आशीष दबे ने बच्चों के साथ मिलकर दीपावली का पर्व मनाया। सभी बच्चों के मिलजुलकर स्कूल प्रांगण में अलग-अलग टोलियों में खूबसूरत रंगोली बनाई और एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।शिक्षक आशीष दबे ने बच्चों को पेन और टाफी वितरित की जिससे वहां का वातावरण आनंद और उत्साह से भर गया। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर सभी का मन प्रसन्न हो उठा। इस अवसर पर आशीष दबे ने कहा कि दीपावली का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है जब हम अपनी खुशियां दूसरों के साथ बांटते हैं। स्कूल के बच्चों ने आज जो पहल की है, वह समाज में मानवीयता और अपनत्व की भावना को मजबूत करने वाला कदम है। यह कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस मौके पर माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक सुरेश श्रीवास्तव, साधुराम पटेल, प्रदीप पटेल के साथ प्राथमिक से राजेश श्रीवास्तव सहित विद्यालय के बच्चों की उपस्थिति रही।

## स्वदेशी अपनाओः आत्मनिर्भर बनने का लिया संकल्प



**बनवार।** दमोह जिले की जबेरा विधानसभा के नोहटा में शनिवार को आयोजित व्यापारियों सम्मेलन में मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत बनाने का जोरदार संदेश दिया। मंत्री लोधी ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होगा और इसके लिए हर नागरिक और व्यापारी का योगदान जरूरी है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने का व्यक्तिगत उदाहरण भी दिया। कार्यक्रम में उन्होंने देखा कि उनके पास जो पेन था उस पर लिखा था ₹Made in Japan₹। मंत्री ने तुरंत पेन बदल दिया और कहा, ₹आज से मैं खुद शुरुआत कर रहा हूँ। सम्मेलन में दमोह सांसद राहुल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, संग्राम सिंह, संतकुमार पाल, मंदीप यादव, रिंकू जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। मंत्री ने सभी से अपील की कि वे अपने व्यवसाय में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और जनता में भी संदेश फैलाएं। व्यापारियों ने मंत्री के संकल्प की सराहना की और इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सोयाबीन भावांतर योजना का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सरकार द्वारा खरीफ 2025 में सोयाबीन की फसल हेतु भावांतर योजना अंतर्गत खरीदी प्रारंभ की गई है। जिले की कृषि उपज मंडियों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक उत्सव के रूप में मनाकर आज योजना का शुभारंभ किया गया। कृषि उपज मंडी दमोह में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, हरिश्चंद्र पटेल, हेमंत पटेल ने भावांतर योजना का शुभारंभ किया। साथ ही दमोह जिले की विभिन्न कृषि उपज मंडियों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों के माध्यम से भावांतर योजना का शुभारंभ किया गया। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा भवान्तर योजना के अंतर्गत कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज को खरीदने का काम शुरू हुआ, उसका उद्घाटन हुआ। सभी किसानों को जो भावांतर योजना लागू हो रही है वह किसान के हित में हैं इसके लिए सभी किसानों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा निश्चित रूप से भावांतर योजना के अंतर्गत आने वाले समय में जो भाव अंतर की राशि किसानों के खाते में डाली जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में सरकार ने भावांतर योजना शुरू की है, आने वाले समय में किसान को जो भावांतर की राशि मिलेगी उससे किसान सुखी होगा, समृद्ध होगा, किसानों को मैं शुभकामनाएं देता हूं। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा भावांतर योजना आज मध्य प्रदेश सरकार ने प्रारंभ की है, जनप्रतिनिधियों ने मंडी में इसका शुभारंभ भी किया है, इस योजना से किसानों को लाभ होगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने किसान बंधुओ से आग्रह करते हुए कहा इस योजना को अच्छे से समर्थन दें, इसका प्रचार-प्रसार भी करें ताकि आप आगे आने वाली फसलों के लिए यह योजना लागू हो, निश्चित रूप से किसानों के लिए यह फायदे की योजना है। किसानों की फसल यदि FAQ क्वालिटी की नहीं भी है तो भी इसका फायदा किसानों को भरपूर मिलेगा। सभी किसान इस योजना को सफल बनाने में सरकार को समर्थन दें, जिससे उनको उसका लाभ मिलेगा।

## पदभार ग्रहण न करने वाले बांड चिकित्सकों के विरूद्ध करें कार्रवाई- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### टेलीमेडिसिन सुविधा का हो बेहतर उपयोग

**पन्ना।** उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि जिला अस्पताल सहित प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ नियमित रूप से समय पर उपस्थित रहें। आम जनता को बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर मिले। डिजिटल टेलीमेडिसिन सुविधा का भी विकल्प के तौर पर व्यापक और बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संचालनालय स्तर से नियुक्त बांड चिकित्सकों को अनिवार्य रूप से पदभार ग्रहण करने के संबंध में निर्देशित किया जाए। इसके बावजूद भी अनुपस्थित रहने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। उन्होंने विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों से स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वीकृत और रिक्त पदों के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। स्वास्थ्य कार्यक्रमों व गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए निरंतर रूप से भ्रमण करें। सार्थक एप के जरिए उपस्थिति दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता और एएनएम स्वास्थ्य योजनाओं का घर-घर संपर्क कर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। हितग्राहीमूलक योजनाओं की राशि का भी समय पर भुगतान हो। समस्त बीएमओ भ्रमण के माध्यम से मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग कर उपलब्ध संसाधनों का आमजन के हित में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें। इसके अलावा बीपी, शुगर और फैटी लीवर का शत प्रतिशत परीक्षण हो। मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए भी सार्थक प्रयास किया जाए।



### सभी गर्भवती माताओं का हो पंजीयन

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सभी गर्भवती माताओं का शत प्रतिशत पंजीयन एवं सभी आवश्यक जांच भी समय पर सुनिश्चित हो। इससे हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को आयोजित होने वाले महिला स्वास्थ्य जांच शिविर में महिला चिकित्सकों की ड्यूटी तय कर शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने और जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन के विभिन्न महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा की। जिला चिकित्सालय में गत कई वर्ष से लंबित निर्माण कार्य को पूर्ण कराने सहित पूर्ण विकास कार्यों का जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में पूर्व मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं विधायक पवई प्रहलाद लोधी सहित जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी एवं सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### नगर में लगातार बढ़ता पागलों का आतंक फुटपाती दुकानदारों का सामान ले भागते पागल

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर में इन दिनों पागलों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है उनकी संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है यह किसके साथ कब क्या कौन सी घटना कर दें यह कह पाना अब संभव नहीं रहा। 24 घंटे पागल सड़क पर घूमते हैं और निरंतर किसी न किसी घटना घटित करने के इंतजार में हमेशा रहते हैं दिन के समय फुटपाती दुकानदारों के समान को हमेशा लेकर भाग जाते हैं और यदा कदा जमीन का मासिक संतुलन सही नहीं होता तब यह पथराव करने लगते हैं और किसी के ऊपर भी हमला कर उसे चोटल कर देते हैं।

## संस्कृति मंत्री ने किया दिवारी नृत्य और गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा विधानसभा से विधायक एवं मध्यप्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के निजी निवास नोहटा में दीपावली कार्यकर्ता मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बुंदेलखंड की प्रसिद्ध दिवारी नृत्य एवं गायन का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्री, सांसद और भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी के साथ उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नोहटा में शनिवार को आयोजित दीपावली कार्यकर्ता मिलन समारोह में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने न केवल कार्यक्रम का उद्घाटन किया, बल्कि स्वयं दिवारी नृत्य एवं गायन में शामिल होकर कार्यकर्ताओं के उत्साह को बढ़ाया। दमोह सांसद राहुल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समारोह में उपस्थित रहे। मंत्री लोधी ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां समाज में भाईचारे और उत्साह का प्रतीक हैं। कार्यक्रम में बुंदेलखंड की पारंपरिक दिवारी नृत्य एवं गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंत्री, सांसद और जिला अध्यक्ष ने कलाकारों के साथ मंच साझा किया और दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के सहज और सजीव सहभागिता की सराहना की और इसे जिले में संस्कृति और उत्सव की भावना को बढ़ाने वाला कदम बताया।

## खबर संक्षेप

### नामदेव समाज की जिला बैठक कल

**दमोह।** नामदेव समाज की जिला बैठक रविवार को आयोजित होगी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन होगा। आदर्श नामदेव समाज सेवा समिति दमोह जिलाध्यक्ष राजू नामदेव ने बताया कि दिनाँक 26.10.2025 दिन रविवार को समय सुबह 10 बजे से सर्व नामदेव समाज की अत्यंत आवश्यक बैठक का आयोजन स्थानीय होटल 4 सीजन पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने जबलपुर नाका होगी। बैठक को सन्त नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मता विश्व महासम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष भास्कर राव टोंपे एवं मुख्य समन्वयक अनन्त राव जांगजोड विशेष रूप से सम्बोधित करेंगे। बैठक माह जनवरी 2026 को दिनांक 17 एवं 18 जनवरी 2026 को रेशमबाग नागपुर में होने वाले राष्ट्रीय नामदेव दर्जी समाज के अधिवेशन को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### 29 अक्टूबर से श्रीमद् भागवत कथा

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित राजा पटना बैंक के पीछे 29 अक्टूबर से श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेंगे। आयोजक श्री राधा रानी कार्तिक स्नान महिला मंडली के द्वारा समस्त भक्तों से कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### विनोद कुमार इटोरया का निधन

**दमोह।** नगर के प्रतिष्ठत इटोरिया परिवार के सदस्य एवं समाजरत्न स्व वीरेंद्र कुमार, स्व.निर्मल इटोरया के छोटे भाई विनोद कुमार इटोरया का निधन हो गया है । उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12.30 बजे इटोरया वाटिका मलैया मील मंदिर के पास से हटा नाका मुक्तिधाम के लिये निकाली गई जिसमें सभी वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर शोक श्रंद्धाजलि अर्पित की।

15 लोगो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज, 20 लाख रूपये की राशि का गबन का मामला

# हटा और पटेरा के एसआरएलएम के दो विख प्रबंधकों की सेवा समाप्त के आदेश

## समूह के लोन बचत खातों से 20 लाख रुपए की राशि पत्नि के खाते में ट्रांसफर कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रावधानों के तहत प्रशासनिक तथा वित्तीय अनियमितता कर्तव्य निर्वाहन में घोर लापरवाही कदाचरण के आरोप में संविदा अधिकारी कर्मचारी की सेवा समाप्त के तहत संदीप सिंह गौतम प्रभारी विकासखंड प्रबंधक एसआरएलएम हटा और नजीब अहमद खान प्रभारी विकासखंड प्रबंधक एसआरएलएम पटेरा की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। जांच के दौरान पाया गया है कि विकासखंड हटा अंतर्गत गठित समूह के खातों से दूसरे विकासखंड पटेरा अंतर्गत गठित समूह के खाते में राशि का हस्तांतरण किया गया है जो कि बगैर किसी आदेश या स्वीकृति के दूसरे कार्य क्षेत्र में अन्य समूह के खाते में राशि हस्तांतरित किया जाना वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है विकासखंड पटेरा अंतर्गत केजीएन समूह के खातों से श्रीमती शायका खान पति नजीब अहमद खान प्रभारी विकासखंड प्रबंधक पटेरा के व्यक्तिगत खाते में राशि हस्तांतरित की गई है जो कि नियम के विरुद्ध है इस संबंध में प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की रनेह शाखा से पारस, संत, जय मां काली, एवं कंगना समूह के लोन एवं बचत खातों से राशि वितरण संबंधी विवरण लिया गया जिसमें उक्त समूह के लोन खातों से राशि 20 लाख रुपए की राशि विकासखंड पटेरा अंतर्गत ग्राम मोहास में गठित केजीएन स्व सहायता समूह के बचत खाते में कुल राशि 20 लाख रुपए हस्तांतरित की गई जिससे समूह के अध्यक्ष सचिव के हस्ताक्षर होना पाया एवं समूह की बैठक कार्यवाही अभिलेख के बिना ही राशि का अंतरण होना पाया गया जबकि उक्त राशि स्व-सहायता समूह के बैंक लिंकेज के माध्यम से विभिन्न व्यावसायिक गतिविधि प्रारंभ करने हेतु उपलब्ध कराई गई थी जो चारों समूह के राशि नियम विरुद्ध कार्य क्षेत्र के बाहर हस्तांतरित किए जाने के कारण उद्देश्य की पूर्ति होना नहीं पाया गया।

संदीप सिंह गौतम प्रभारी विकासखंड प्रबंधक हटा और नजीब अहमद खान प्रबंधक एसआरएलएम पटेरा को शासन स्तर से सहयोग दल समूह प्रेरक के रूप में नियुक्त किया गया जनपद स्तर पर आजीविका मिशन योजना के विभिन्न घटकों को पूरा करना एवं स्वास्थ्य समूह को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरक के रूप में कार्य करना जिसमें आजीविका मिशन के विकासखंड स्तर के समस्त कार्यक्रमों का प्रभारी क्रियान्वयन एवं उसकी निगरानी करना है जो कि श्री गौतम और श्री खान द्वारा नहीं किया जाना पाया गया है जिसमें पारस, संत स्व-सहायता समूह, जय मां काली एवं कंगना समिति का समूह के लोन बचत खातों से 20 लाख रुपए की राशि का गबन होना जैसी अनियमिताएं पाई गई जो की गंभीर अनियमित के साथ पदीय दायित्वों का के प्रति घोर लापरवाही है ज्ञात हो कि श्री खान एवं श्री गौतम द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही होना पाया गया।

इसी मामले में आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक ने एफआईआर दर्ज कराई है जिसमें 15 लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

शिकायत के अनुसार, 16 अक्टूबर 2025 को प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि विकासखंड हटा के ग्राम रनेह स्थित पारस, संत, जय मां काली और कंगना स्वसहायता समूहों के लोन खातों से 5-5 लाख (20 लाख )रुपये की राशि 29 जून 2021 को ग्राम मोहास (पटेरा) के केजीएन स्व-सहायता समूह के खाते में ट्रांसफर की गई। इसके उपरांत KGN समूह के खाते से यह राशि दिनाँक 01 जुलाई 2021 को प्रभारी विकासखंड प्रबंधक नजीब अहमद खान की पत्नी शायका खान के व्यक्तिगत बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी गई।

इस संबंध मे जिला प्रबंधक ने बताया जांच में यह भी सामने आया कि यह राशि बाद में अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर दी गई। मामले में जिला पंचायत की जांच समिति — जिसमें शैलेन्द्र श्रीवास्तव, प्रभुशंकर पांडे और जितेन्द्र नेमा शामिल थे जांच समिति ने गबन की पुष्टि की। उन्होने बताया प्रकरण में हटा एवं पटेरा जनपद के प्रभारी विकासखंड प्रबंधक संदीप सिंह गौतम और नजीब अहमद खान भी संलिप्त पाए जाने का आरोप है, क्योंकि बिना विकासखंड प्रबंधक की सहमती बिना यह कृत्य सम्भव नहीं प्रकरण में भारतीय स्टेट बैंक शाखा पटेरा और मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा रनेह के तत्कालीन/ वर्तमान शाखा प्रबंधक की संलिप्तता से भी इंकार नहीं किया जा सकता हैं।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि उपरोक्त सभी ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और शासकीय धन के दुरुपयोग का अपराध किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी थाना रनेह, जिला दमोह को सौंपी है।

**15 लोगो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज**

विकासखण्ड हटा ग्राम रनेह के पारस स्वसहायता समूह अध्यक्ष पूनम कोरी, सचिव रश्मि कोरी, संत स्वसहायता समूह अध्यक्ष माया नामदेव, सचिव प्रभा नायक, जय मॉ काली स्वसहायता समूह अध्यक्ष उषा चौरसिया, सचिव रानी चौरसिया, कंगना स्वसहायता समूह अध्यक्ष अनीसा बेगम, सचिव शहनाज खान विकासखण्ड पटेरा ग्राम मोहास केजीएन स्वसहायता समूह अध्यक्ष शमशाद बेगम, सचिव नजमा खॉ, प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक हटा संदीप सिंह गौतम, प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक पटेरा नजीब अहमद खान, शायका खान, भारतीय स्टेट बैंक शाखा पटेरा के तत्कालीन वर्तमान जो उत्तरदायी हो, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा रनेह के तत्कालीन वर्तमान जो भी उत्तरदायी हो।

# आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ की हुई भव्य मंगल आगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





विरागोदय पथरिया में मंगल वर्षा योग चातुर्मास संपन्न होने के बाद आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महामुनि राज का संघ सहित दमोह नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ इस अवसर पर जगह-जगह अचार्य संघ की भव्य मंगल आगवानी की गई। आचार्य संघ का रात्रि विश्राम सिंघई मंदिर धर्मशाला में हो रहा है। सुबह यहां पर प्रवचन धर्म सभा का आयोजन है। इसके बाद आहारचर्या के लिए यहीं से सभी मुनि राज निकलेंगे। शुक्रवार दोपहर बाद पट्टाचार्य मुनि श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के संघ सहित दमोह नगर आगमन पर समाज के द्वारा भव्य अगवानी की गई खौजाखेड़ी ग्राम में आहार के पश्चात मुनि संघ पद बिहार करते हुए साहू टिगडा मलिया मिल पहुंचा जहां पर दमोह के विधायक जयंत मलैया ने सपरिवार मंगल आगवानी की। उसके पश्चात तीन गुल्ल, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर से घगट चौराहा होते हुए नन्हे मंदिर के बाद सिंघई धर्मशाला पहुंचे। जहां पर मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए इसके पूर्व पद बिहार के पूरे मार्ग को तोरण द्वारों बैनर से सजाया गया जगह-जगह पर रंगोली सजाई गई आचार्य महाराज का पद प्रक्षालन किया गया। आचार्य महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि आज धर्म का रथ युवा खींच रहे हैं इतिहास में भी इसके प्रमाण मिलते हैं युवाओं के माध्यम से ही धर्म की प्रभावना हो सकती है आज इतनी कम उम्र के युवा संत देखने को मिल रहे हैं युवा पानी की धार की तरह होते हैं जिसे जहां मोड़ दिया जाता है वह मुड़ जाता है दमोह वह भाग्यशाली नगर है जहां बड़े बाबा एवं छोटे बाबा आचार्य श्री का सदैव आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है यह भूमि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की साधना स्थली रही है और गुरु महाराज आचार्य विराग सागर महाराज जी की जन्म स्थली रही है दमोह के लोग बहुत दमदार हैं जो मोह का दमन कर दमदार बन जाते हैं जिस तरह कश्मीर में केसर होता है इस तरह मध्य प्रदेश में धर्मात्मा उत्पन्न होते हैं पंचम काल के अंतिम समय तक धर्म की ध्वजा फहराती रहेगी।

## कतकारियों ने किया तुलसी माता का पूजन, कृष्ण भक्ति में लीन होकर गाए गीत



**दमोह।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर नगर के धरमपुरा वार्ड क्रमांक 39 स्थित चंदन तलैया मंदिर परिसर में कतकारियों द्वारा मां तुलसी का विधिवत पूजन किया गया। धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में गीत गाकर एवं नृत्य कर भक्ति रस में सराबोर हो गईं। तुलसी पूजन के पश्चात कतकारियां पंडित कुंज बिहारी अवस्थी के निवास पर पहुंचीं, जहां प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी पारंपरिक विधि से तुलसी माता का पूजन किया गया। ज्ञात हो कि पंडित अवस्थी के यहां यह धार्मिक परंपरा लगातार पिछले 86 वर्षों से निभाई जा रही है। कार्तिक मास का यह कठिन व्रत "कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी" से प्रारंभ होकर "अगहन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी" तक चलता है। इस व्रत में भाग लेने वाली कतकारियां एक माह तक केवल एक प्रकार का अन्न ग्रहण करती हैं और नियमपूर्वक भगवान श्रीकृष्ण तथा तुलसी माता की आराधना करती हैं। कार्यक्रम में श्रीमती गीता अवस्थी, गंगा अवस्थी, कुसुम, किरण दुबे, वर्षा मिश्रा, राखी, आशा अवस्थी, प्रीति, रेखा, इंदिरा, गायत्री, उर्मिला मिश्रा, शीला, शकुन पाठक, जानकी, ममता, संध्या, उर्मिला चौबे, दिव्या, शोभना, गीता, रचना, रीता, ललता, गुड्डी, मालती, राधा, रज्जो, वर्षा, शारदा, शकुन पाठक, उर्मिला चौबे, रामसखी देवलिया, गीता, भानुमती रैकवार, आभा राजपूत, सरला असाटी, विद्या, रश्मि, वंदना, लीला, उर्मिला, आरती चौरसिया, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, भक्ति और आनंद का माहौल बना रहा।

## भगवान राम श्यामलिया सरकार की भव्य शोभायात्रा निकाली

**हटा।** उपकाशी हटा नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली की तीज पर ताम्रकार समाज द्वारा भगवान राम श्यामलिया सरकार की भव्य शोभा यात्रा नगर में हर्षोल्लास से गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिस दौरान नगर के



लोगों ने जगह-जगह भगवान का आरती पूजन कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा देवश्री बालाजी मंदिर में ताम्रकार समाज के पुर्वजों द्वारा स्थापित भगवान राम श्यामलिया सरकार दीपावली की तीज पर जलविहार हेतु गंगा झिरिया धाम के लिए भगवान की शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। समाज के अलावा नगर के सभी वर्गों ने जगह-जगह भगवान राम श्यामलिया सरकार का पूजन अर्चन किया गया एवं शोभा यात्रा में शामिल सभी का तिलक लगाकर स्वागत कर जलपान कराते हुए बच्चों को आइसक्रीम वितरित की गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए दोपहर गंगा झिरिया धाम पहुंची जहां पूजन अर्चन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष अरविंद ताम्रकार ने बताया कि आज के दिन गंगा झिरिया धाम पहुंचकर जो भी व्यक्ति भगवान राम श्यामलिया सरकार से जो भी मनोकामना करता है वह अवश्य ही पूरी होती है।

## औषधि निरीक्षक ने ब्लड स्टोरेज यूनिट और ड्रग्स स्टोर का किया निरीक्षण

**दमोह।** दमोह जिले की औषधि निरीक्षक महिमा जैन ने शुक्रवार को हटा में स्वास्थ्य सेवाओं और दवा विक्रय प्रणाली की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सिविल अस्पताल स्थित ब्लड स्टोरेज यूनिट और ड्रग्स स्टोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सरकारी स्टॉक में संग्रहित दवाइयों की गुणवत्ता की जाँच के लिए चार (04) महत्वपूर्ण दवा नमूने लिए गए। इन नमूनों को शासकीय प्रयोगशाला में विस्तृत जाँच हेतु भोपाल भेजा जाएगा,




ताकि उनकी प्रभावशीलता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सरकारी इकाइयों के निरीक्षण के बाद, औषधि निरीक्षक ने हटा में संचालित निजी मेडिकल स्टोर्स पर भी अपनी जाँच का दायरा बढ़ाया। प्रमुख दवा केंद्रों जिनमें राधे गोविंद औषधि केंद्र विशाल मेडिकल चंडी जी वार्ड, भगवती मेडिकल,मोदी मेडिकल जवाहर वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, औषधि निरीक्षक ने विशेष रूप से दवाइयों के नियमन और अवैध गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया। नारकोटिक्स और कोडीन युक्त दवाइयाँ इन नियंत्रित पदार्थों के क्रय-विक्रय के रिकॉर्ड की सघन जाँच की गई, ताकि इनके दुरुपयोग को रोका जा सके। औषधि विक्रेता दुकानों पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनिवार्यता और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की गई। गर्भपात से संबंधित किट (MTP Kits) के रिकॉर्ड और नियमनुसार बिक्री की जाँच की गई।

### अनुपस्थित मेडिकल संचालकों को नोटिस जारी

निरीक्षण अधिकारी महिमा जैन ने बताया कि जाँच के दौरान कुछ मेडिकल स्टोर्स बंद पाए गए, जिनके संचालक मौके पर उपलब्ध नहीं थे। विभाग द्वारा इन अनुपस्थित मेडिकल संचालकों के खिलाफ नियमानुसार नोटिस जारी किया जाएगा। यह कार्रवाई इसलिए की जा रही है ताकि दवा दुकानों का संचालन निर्धारित समय और नियमों के अनुसार हो सके और जनता को दवाइयों की उपलब्धता में कोई परेशानी न हो। यह निरीक्षण दवाइयों की गुणवत्ता, अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित तथा सही दवाइयाँ मिलें, यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# श्रीमद्भागवत महापुराण के साथ लग रहा महाकाली का सिद्ध दरबार



### झाड़ी वाले सिद्ध बाबा महाराज के दरबार में हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हटा से रनेह मार्ग पर झाड़ी वाले सिद्ध बाबा महाराज के दरबार में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण की पुनीत पावन कथा एवं मानव जीवन में आने वाले समस्त रोग एवं तंत्र-मंत्र यंत्र भूत प्रेत पिशाच की बाधाओ का निवारण करने वाला मां महाकाली का सिद्ध दरबार प्रारंभ हो रहा है। दरबार प्रातः 9:00 बजे से 12:00 तक, श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा दोपहर 2:00 बजे से 5:00 तक चलेगी। श्रीमद् भागवत महापुराण की कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ झाड़ी वाले सिद्ध बाबा महाराज के दरबार से प्रारंभ हुई जो प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस कथा स्थल पहुंची। कथा वाचक अंतरराष्ट्रीय मंच कथा व्यास श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महाराज पीठाधीश्वर मां महाकाली महाविद्या पीठ रनेह बालों के द्वारा शुरू हो चुकी है। स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महाराज ने बताया कि भागवत स्वयं भगवान है और भगवान की शरण में जाने से किसी भी प्रकार की बाधाएं शेष नहीं रहती है। अतः कलयुग में श्रीमद् भागवत महापुराण को जहां मिले जैसे मिले श्रवण करते रहना चाहिए।

# माला मनगढ़ में ग्रामवासियों की उपस्थिति में हुई शराबबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत माला मनगढ़ में समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद राय ने बैठक बुलाकर के भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से शराबबंदी करवाई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की ग्राम माला मनगढ़ में आज के बाद कोई भी व्यक्ति ना ही शराब बचेगा ना ही शराब पिएगा यदि कोई व्यक्ति शराब बेचते या पीते हुए पाया जाता है तू 11000 रुपए का जुर्माना पंचायत के द्वारा लगाया जाएगा एवं शराब पीकर गाली गलौज करने वालों पर भी जुर्माना लगाकर पुलिस के माध्यम से कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी इसी तरह ग्राम में जुआ सट्टा गांजा इत्यादि सभी अवैध कार्य में लिप्त लोगों पर जुर्माना लगाकर कठोरता कानूनी कार्यवाही कराई जावेगी बैठक में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद राय जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ग्राम पंचायत की सचिव डॉक्टर धन सिंह पहलाद सिंह शिवम राय नारायण सिंह अफजल उस्मानी भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह संभागीय अध्यक्ष सूजन सिंह हर प्रसाद राठौर देव सिंह देवेंद्र राय तथा बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों की उपस्थिति रही।

### सांप के काटने से महिला की हुई मौत

**जबेरा।** जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम मंगरई में एक महिला की सांप के काटने से मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मगरई निवासी हल्की बाई आदिवासी पति स्वर्गीय अखिलेश सिंह उम्र 35 वर्ष जोकी घर की सफाई कर रही थी उसी समय हल्की बाई को एक सर्प ने काट लिया जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया किंतु बीच रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने बताया कि उसके पति का 3 महीने पहले आकस्मिक निधन हो गया था उसके बाद उसकी पत्नी दीपावली के त्योहार पर अपने घर की साफ सफाई एवं लीपा पोती कर रही थी। तभी घर केऊपरी हिस्से में बैठे हुये सर्प ने हल्की बाई आदिवासी को डस लिया। उसी समय परिजन एवं कुछ ग्रामवासी हल्की बाई को जिला अस्पताल ले जा रहे थे की बीच रास्ते में ही हल्की बाई की मृत्यु हो गई। मृतक हल्की बाई के दो पुत्र है जिसमें एक चार वर्ष एवं दूसरा 5 वर्ष का है।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दयाशंकर चौबे पिता श्री किशोरी लाल चौबे वार्ड क्रमांक 10 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 973/3/2 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/ भवन क्र 973/3/2 वार्ड क्रमांक 03 किशोरी चौबे पिता बारेलाल चौबे का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 24/10/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**CHANGE OF NAME**

I, Narayan Patel S/O Harprasad Patel aged about 50 years by faith hindu, Resident House No. 21 Gram Shukhi Pipariya Post Hinnai Umari Damoh Distt. Damoh Madhya Pradesh 470661. Do hereby solemnly affirm and declare as under. My Son name is Krishna Patel and in all the Document he is known as Paras Kachhi. It is mistake that is my Son name has been written as Paras Kachhi in his Aadhar Card (Document) I want to Correct it and change it to Krishna Patel. He is known by the name Krishna Patel. And as per the Aadhar card he is known by the Paras Kachhi. Both are the same Person.

Old Name :- Paras Kachhi
New Name :- Krishna Patel